NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : NCRES/81/21 Date 10.9.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार अभियन्ता
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– इलेक्ट्रानिक EI के लिये बन रही नई बिल्डिंग सुविधाजनक न होना एवं वहाँ स्टाफ ड्यूटी रूम/शौचालय का निर्माण न कराया जाना।

संदर्भ :– (1) पी.एन.एम. मद संख्या 5/11/2018

(2) PCSTE/NCR/PRYJ का पत्र संख्या एन.सी.आर/एस एण्ड टी/7312/NCRES दिनांक 26.03.2019

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ अवगत कराना है कि NCRES के उपरोक्त संदर्भित पी.एन.एम. मद पर चर्चा के उपरान्त आदेश जारी किया गया था कि S&T स्टाफ हेतु प्रत्येक स्टेशन पर ड्यूटी रूम एवं शौचालय का निर्माण कराया जायेगा परन्तु खेद का विषय है कि आदेश जारी होने के पश्चात भी नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में S&T स्टाफ हेतु वर्क प्लेस पर ड्यूटी रूम एवं शौचालय नही बनाया जा रहा है। उदाहरण के लिये प्रयागराज, नैनी के मध्य गऊघाट केबिन पर नया RH बन रहा है, वहाँ भी शौचालय का निर्माण नही कराया जा रहा है।

इसी प्रकार कानपुर एवं प्रयागराज में प्रस्तावित नई EI बिल्डिंग में भी S&T स्टाफ हेतु अलग से ड्यूटी रूम नही बनाया जा रहा है जो उचित नही है। यहाँ यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि कानपुर में जिस जगह नई EI प्रस्तावित है वह डीजल डिपो के बगल में है जिससे किसी दुर्घटना होने पर रेल संचालन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना है।

अतः आप से अनुरोध है कि NCRES के PNM मद संख्या 5/11/2018 पर हुये निर्णय के अनुसार S&T स्टाफ के वर्क प्लेस पर ड्यियूटी रूम एवं शौचालय बनवाना सुनिश्चित करने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री